**Regarding need for development of rivers in the Damoh Parliamentary Constituency**

श्री राहुल सिंह लोधी **(दमोह) :** माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय जलशक्ति मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में सोनार नदी है, इसका उदगम स्थल देवरी विधान सभा में है । सोनार नदी से भरांझ नदी, भरांझ नदी से मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी मां नर्मदा नदी की दूरी लगभग 35 किलोमीटर है । मेरी मांग है कि यदि नर्मदा नदी का जल भरांझ के माध्यम से सोनार नदी में और सोनार से सीधे रहली, गढ़ाकोटा, पथरिया विधान सभा क्षेत्रों से नरसिंगा होते हुए ब्यारमा नदी से जोड़ा जाए । इससे नर्मदा नदी का जल हमारे क्षेत्र में आ जाएगा, इस कारण सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र के पांच विधान सभा क्षेत्रों, देवरी, रहली, पथरिया और हटा में जल की आपूर्ति हो जाएगी और खेती सुचारू रूप से होने लगेगी । धन्यवाद ।